भारत की पहली डिजिटल लोक अदालत लॉन्च

चंडीगढ़/विज : भारत की पहली एआई-पावर्ड, आधुनिक डिजिटल लोक अदालत का उद्घाटन 18वें अखिल भारतीय कानूनी सेवा प्राधिकरण बैठक के दौरान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) के चेयरमैन उदय उमेश ललित द्वारा जयपुर में किया गया। राजस्थान राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के टेक्नोलॉजी पार्टनर ज्युपीटाईस टेक्नोलॉजीज द्वारा इस डिजिटल लोक अदालत का डिज़ाइन और अवधारणा विकसित की गई है। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमाना द्वारा कानून एवं न्याय मंत्री किरण रिजिजू और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मौजूदगी में किया गया। डिजिटल लोक अदालत के माध्यम से पुराने लंबित मामलों का निपटान किया जा सकेगा या ऐसे मामलों को भी आसानी से निपटाया जा सकेगा जो आरंभिक चरण में हैं।